हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 2025-26 में नपा ने वसूला 81 % टैक्स, अभी 15 ...



07 किसानों के परिवारों में शादियां, खुले बाजार में...



## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी सेन महाराज की जयंती

**इटारसी।** भारतीय सेन समाज अपने आराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती 14 अप्रैल को मनाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सायंकाल 7 बजे से सूरजगंज स्थित सरला मंगल भवन में किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा होंगे। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे करेंगे। आयोजन को लेकर सेन समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं, ताकि जयंती समारोह को ऐतिहासिक और गरिमामय बनाया जा सके। सेन जयंती के पावन अवसर पर भारतीय सेन समाज ने निर्णय लिया है कि मंगलवार को समाज के सभी बंधु अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में सरला मंगल भवन पहुंचकर अपने आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चरणों में नमन करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान संत सेन महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे।

### चार आरोपियों को लाखों रुपए की सट्टा उपयोगी सामग्री के साथ दबोचा

# आईपीएल सट्टा गिरोह पर इटारसी पुलिस की बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

पुलिस ने आईपीएल सट्टे पर कार्रवाई करते हुए 4 आरोपी सहित लाखों का सामान जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में आईपीएल के रोमांच के बीच सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले सिंडिकेट पर इटारसी पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाला मोहल्ला स्थित एक ठिकाने पर आधी रात को सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए 4 हाईटेक सटोरियों को दबोचा है। पकड़े गए गिरोह के पास से लाखों के गैजेट्स और बैंक खातों में जमा बड़ी रकम को सीज किया गया है। संभवतः यह नर्मदापुरम जिले के क्रिकेट सट्टा इतिहास की अब तक की पहली सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।




#### हाईटेक सट्टे का जखीरा



पुलिस ने मौके से जो सामग्री बरामद की है, वह किसी कॉल सेंटर से कम नहीं है। जब्त मशरूका में विभिन्न कंपनियों के 25 मोबाइल फोन, 02 लैपटॉप एवं 01 टैबलेट, 01 प्रोजेक्टर और हाई-स्पीड वाई-फाई, वित्तीय दस्तावेज, 06 बैंक पासबुक एवं 05 एटीएम कार्ड, 01 स्कूटी सहित कुल मशरूका 14,22,000 (8.33 लाख सामान + 5.89 लाख बैंक होल्ड।

#### छापामार कार्रवाई, सर्च वारंट पर एक्शन

पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने विशेष टीम तैयार की। मुखबिर की सटीक सूचना पर एसडीएम इटारसी से सर्च वारंट प्राप्त कर नाला मोहल्ला स्थित अंकित अजनेरिया के मकान पर घेराबंदी की गई, जहां आईपीएल मैचों पर हार-जीत का दांव लगवाया जा रहा था। पकड़ा गया गिरोह **bwc_bet/login** जैसी साइट्स के जरिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सट्टे का संचालन कर रहा था। पुलिस ने न केवल सामान जब्त किया है, बल्कि वित्तीय लेनदेन पर रोक लगाने के लिए बैंक खातों को भी होल्ड कराया है।

#### सलाखों के पीछे पहुंचे ये आरोपी

पुलिस ने मौके से संगठित रूप से सट्टा खिलाते हुए चार युवकों अंकित अजनेरिया मुख्य संचालक, नाला मोहल्ला, पंकज अजनेरिया नाला मोहल्ला दोनों भाई हैं। दीपक जुनानिया मेहरा गांव और रोहित सक्सेना नाला मोहल्ला को गिरफ्तार किया है। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुरेश चौहान, रीना खरे और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस अब इन आरोपियों के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि इनके तार किन बड़े सट्टा किंगों से जुड़े थे।

## अधिकारियों की लापरवाही पर भड़के सभापति राकेश जाधव

### आंदोलन की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के निर्माण में हो रही देरी को लेकर नगर पालिका सभापति राकेश जाधव ने सख्त रुख अपनाया है। वर्ष 2024 तक पूर्ण होने वाले डामरीकरण कार्यों के अब तक शुरू न होने पर उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

विशेष रूप से वार्ड 23 और 27 की तीन संयुक्त सड़कों का काम अटका होने पर सभापति ने सीएमओ ऋतु मेहरा को पत्र सौंपकर कड़ी नाराजी जताई। जाधव ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मानसून शुरू होने से पहले इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे जनहित में उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नगर परिषद ने कराया बंद पड़े हैंडपंपों का सुधार



**सोहागपुर।** नगर परिषद ने शहर में लंबे समय से बंद पड़े हैंडपंप का सुधार कार्य शुरू किया है। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार पर्याप्त पानी वाले कई हैंडपंप्स के खराब पार्ट्स बदले गए हैं। नप सहायक राजस्व निरीक्षक एचएल परते ने बताया के सीएमओ के निर्देश पर सोमवार को मुख्य बाजार के दो हैंडपंप सुधारे हैं। जिनसे अब व्यापारियों व ग्राहकों को पानी मिलने लगा है।

## ग्राम सामाजिक एनिमेटर संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम सामाजिक एनिमेटर संघ, जिला नर्मदापुरम ने अपनी लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष चंदा राठौर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में एनिमेटरों ने अपनी आर्थिक समस्याओं और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर चर्चा की। जिलाध्यक्ष राठौर ने बताया कि पवित्तीय वर्ष 2024-25 का लगभग 50% और वर्ष 2025-26 का शत-प्रतिशत भुगतान शीघ्र किया जाए। वर्ष 2026-27 का वार्षिक कैलेंडर जल्द जारी किया जाए एवंयोजनाओं का विस्तारः नरेगा, आयुष्मान, मिड-डे मील और पेंशन जैसी पांच प्रमुख योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण कार्य नियमित रूप से पूरे वर्ष चलाया जाए। संगठन ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के करीब 5700 ग्राम सामाजिक एनिमेटर साल में केवल 120 दिन ही कार्य कर पा रहे हैं। इस अवसर पर सीमा राजपूत, सचिन कीर, गणेश यादव सहित जिले के कई सामाजिक एनिमेटर और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मेहरागांव नहर में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में सनसनी, पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मेहरागांव स्थित सी-केबिन क्षेत्र में बेरी वाले बाबा मंदिर के पीछे सोमवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने नहर में एक नवजात शिशु का शव तैरता हुआ देखा। जानकारी के अनुसार, वहां बकरी चरा रही महिला पूजा चौहान की नजर सबसे पहले नहर के कचरे में फंसे इस शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने अन्य ग्रामीणों को एकत्र किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नवजात शिशु लड़का है या लड़की। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और दुख है। गौरतलब है कि क्षेत्र में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पूर्व में भी इसी तरह एक बच्चे के पैर में पत्थर बांधकर उसे नहर में फेंक दिया गया था। फिलहाल पुलिस के पहुंचने और शव को बाहर निकालने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर कॉलेज द्वारा भैरूंदा के ग्राम वासुदेव में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी आयोजित की गई। संगोष्ठी का विषय आधुनिक परिदृश्य में उच्च शिक्षा के सरोकार था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप को हमें सकारात्मकता के साथ ग्रहण करना चाहिए और अपने कर्तव्यों को सदैव पूर्ण निष्ठा के साथ निभाना चाहिए।

## नपाध्यक्ष ने सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोमवार को वार्ड नंबर 01 कोरीघाट रोड सहित वार्ड की छोटी छोटी गलियों को भी पक्का किया जा रहा है। नपाध्यक्ष यादव द्वारा सोमवार को मशीनों का पूजन कार्य प्रारंभ कराया गया। साथ ही उन्होंने वार्ड का भी निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने निर्माण एजेंसी को कार्य समय सीमा पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में विकास कार्य किए जा रहे हैं। सोमवार को वार्ड क्रंमाक 01 की पार्षाद शिल्पा तेज कुमार गौर के वार्ड में नपाध्यक्ष द्वारा 63 लाख से अधिक की राशि से बनने वाली दो सड़कों के साथ ही वार्ड की गलियों को भी पक्का करने हेतु पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि तेजकुमार गौर, पीयूष गुप्ता, अवधेश शर्मा, सुनील राजपूत, जयबाला निगम, सरोज सोनी आदि मौजूद रहे।

### जिले के 2 खिलाड़ियों का भारतीय सब-जूनियर हॉकी कैंप में चयन

**इटारसी।** भारतीय हॉकी के भविष्य को संवारने की दिशा में नर्मदापुरम जिले के लिए हॉकी इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित होने वाले सब-जूनियर पुरुष कोचिंग कैंप 19 अप्रैल से 25 मई के लिए घोषित 40 खिलाड़ियों की सूची में जिले के गाजी खान और अंश बहुत्रा को चुना गया है। इन खिलाड़ियों का चयन राजगीर, बिहार में संपन्न हुई 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह कैंप जापान के काकामिगाहारा में होने वाले मेन्स यू-18 एशिया कप 29 मई से 06 जून की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है। दोनों खिलाड़ी भोपाल के साई सेंटर में दिग्गज कोच सरदार सिंह की देखरेख में अपनी प्रतिभा को और निखारेंगे।

## भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती पर भड़की कांग्रेस

### विद्युत कंपनी को ज्ञापन सौंपकर 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम, नहीं माने तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




भीषण गर्मी और तपते पारे के बीच शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर सोमवार को जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और अधिकारियों के रवैये पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि साल भर मेंटेनेंस के नाम पर कटौती की जाती है, फिर भी गर्मी में हफ्ते में दो बार मेंटेनेंस क्यों हो रहा है? उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नाला मोहल्ला के लाइनमैन दीपक सराठे वार्ड के लोगों को डरा रहा है और अवैध वसूली की मांग की जा रही है। गोस्वामी ने चेतावनी दी कि यदि कटौती बंद नहीं हुई और अधिकारियों का रवैया नहीं बदला, तो वे बिजली दफ्तर के सामने आत्मदाह करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने कहा कि नागरिकों की बिजली समस्या खत्म करने के लिए कांग्रेस हर मोर्चे पर लड़ाई करने के लिए तैयार है। कांग्रेस ने बिजली विभाग को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि अघोषित कटौती नहीं रुकी, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के अंत में जेई घनश्याम धुर्वे को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, प्रदेश महासचिव राजकुमार उपाध्याय, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज राठौर, इरशाद अहमद सिद्दीकी, अनिल राठी, रजनीकांत सोनकर, हरीश अग्रवाल, अमित परदेसी, सोनू बकोरिया, देवी मालवीय, राम शंकर सोनकर, अर्जुन कुचबंदिया, फारुख शेख, बल्ला यादव, पिंकी शर्मा, पिंटा, मुकेश चौधरी, राजेंद्र गोस्वामी, अतुल तिवारी, देवी खड़ोतिया, राहुल दुबे, दिनेश कुमार बालोरिया, साबिर खान, योगेश त्रिवेदी, नीलेश मालोनिया, मनीष सोनी, भारत राजपूत, अमल सरकार, मनीष अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### पार्षद ने वार्डवासियों की समस्या को हल कराया



**इटारसी।** पुरानी इटारसी वार्ड 1 में श्रीराम प्रजापति की लाइन में पिछले तीन दिनों से पानी की समस्या से क्षेत्र के रहवासी परेशान हो रहे थे। वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी मोके पर पहुंचे और वार्ड की महिलाओं से चर्चा करते हुये जल्द से जल्द पानी की समस्या का समाधान करने का आश्वास दिया। इसके बाद वार्ड पार्षद गोस्वामी ने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चोरे को इस समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से जल विभाग के अधिकारी को कहकर जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये।

## नवागत कलेक्टर ने पदभार ग्रहण करने से पूर्व लिया मां से आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के नवागत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। कलेक्टर ने सुबह सबसे पहले आस्था और परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने प्रसिद्ध सेठानी घाट पहुंचकर मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और जिले की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई इस पूजा के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम पिपरिया आकिप खान और सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पूजन के बाद कलेक्टर मिश्रा ने घाट की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने होमगार्ड जवानों से चर्चा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और साफ-सफाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### नपाध्यक्ष ने किया खेड़ा तालाब का निरीक्षण

## कायाकल्प योजना के अंतर्गत नई वैज्ञानिक पद्धति से किया जा रहा तालाब गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के वार्ड क्रमांक 09 स्थित खेड़ा तालाब को भव्य पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। परियोजना का अब तक 45 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मौका मुआयना कर सघन निरीक्षण किया। अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 1.5 करोड़ की लागत से हो रहे इस कायाकल्प से न केवल शहर को नया पर्यटन स्थल मिलेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र के समीप होने के कारण यह स्थानीय निवासियों और श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण ऑक्सीजन जोन' के रूप में भी कार्य करेगा।



#### विकास कार्यों की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ने कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव और उपयंत्री मयंक अरोरा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।

#### परियोजना की विशेषताएं

खेड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है साथ ही जल संवर्धन और स्तर में सुधारः तालाब का वैज्ञानिक पद्धति से गहरीकरण किया जा रहा है। इससे आगामी मानसून में जलभराव की क्षमता बढ़ेगी और आसपास के संपूर्ण क्षेत्र के भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।



**खबर संक्षेप**

### अंबेडकर जयंती पर 24 घंटे निशुल्क एंबुलेंस सेवा की शुरुआत

**सारणी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को सारणी नगर में एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। खिदामत-ए-खल्क वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों के लिए 24 घंटे निःशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू करने की घोषणा की गई है। यह सेवा स्वर्गीय शेख मुबीन उर्फ बाबू खान की स्मृति पर प्रारंभ की जा रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाना और आपात स्थिति में मदद उपलब्ध कराना है। सोसाइटी के अध्यक्ष शेख नईम खान एवं उपाध्यक्ष शेख जावेद उर्फ पंचू खान ने बताया कि यह एंबुलेंस सेवा 14 अप्रैल से निरंतर 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर लोग सेवा का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित होंगे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए बेहद उपयोगी कदम बताया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में मानवता और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। यह पहल विशेष रूप से उन लोगों के लिए राहत लेकर आएगी, जिन्हें आपातकालीन चिकित्सा सुविधा समय पर नहीं मिल पाती। अंबेडकर जयंती के अवसर पर शुरू की गई यह सेवा समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### समाज सुधारक महात्मा फुले को किया याद



**बैतूल।** अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में 11 अप्रैल को महान समाज सुधारक एवं नारी शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख द्वारा महात्मा फुले के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ देशमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा फुले ने अपने जीवनकाल में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया। उनका मानना था कि ज्ञान सभी वर्गों के लिए समान हो, उन्होंने अपना जीवन गरीबों, वंचितों एवं कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उनकी पहली शिष्या उनकी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले थी, जो भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। कार्यक्रम में बी.एड. स्टाफ एवं बी.एड. स्कालर्स उपस्थित रहें।

### 70 फीट कुएं से धामन सांप का सफल रेस्क्यू

**बैतूल।** डोंडवाड़ा गांव में एक खेत के 70 फीट गहरे कुएं से करीब 8 फीट लंबे धामन सांप को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा ने कड़ी मशक्कत के बाद यह रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया, जिसमें लगभग दो घंटे का समय लगा। ग्रामीणों के अनुसार, गांव निवासी गौरव साबले के खेत में स्थित कुएं की सफाई के दौरान सांप घबराकर उसमें गिर गया था। यह धामन सांप पिछले चार से पांच दिनों से कुएं में फंसा हुआ था और बाहर निकलने की असफल कोशिशों के कारण उसकी हालत कमजोर हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुएं की अधिक गहराई और अंदर की चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद, उन्होंने पूरी सावधानी बरतते हुए नीचे उतरकर सांप को पकडने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद विशाल विश्वकर्मा सांप को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे। इसके उपरांत, सांप को उसके प्राकृतिक वातावरण में एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। ग्रामीण निहाल सावले ने बताया कि कुएं के आसपास सफाई करते समय सांप दिखाई दिया था, जो घबराकर कुएं में जा गिरा। इस घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। धामन सांप विषहीन होता है और यह खेतों में चूहों को खाकर फसलों की रक्षा करने में सहायक माना जाता है। इस समय पर किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन से न केवल सांप की जान बची, बल्कि ग्रामीणों में फैली दहशत भी कम हुई।

2024-25 से 15.49 प्रतिशत अधिक, अब बकायेदारों को जमा करना होगा दोगुना टैक्स

# 2025-26 में नपा ने वसूला 81% टैक्स, अभी 15 हजार बकायादार




**वित्तीय वर्ष 2025-26 में नपा की राजस्व वसूली**

| कर का नाम | कुल मां | वसूली |
|---|---|---|
| संपत्ति कर | 40883440 | 44577689 |
| समेकित कर | 8566357 | 5574494 |
| सामान्य जलकर | 828124 | 755954 |
| जलशुल्क | 36383621 | 21035718 |
| दुकान/भवन किराया | 8487081 | 5309414 |
| शिक्षा उपकर | 10055471 | 7694466 |
| नगरीय विकास उपकर | 11576696 | 9125705 |
| योग | 116780790 | 94073439 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19 प्रतिशत शहरवासियों ने टैक्स जमा नहीं किया है। अब उन्हें विगत और चालू वित्तीय वर्ष यानि दोनों वर्ष का टैक्स जमा करना होगा। टैक्स वसूली को लेकर नगरपालिका ने भारी भरकम प्रयास भी किया। लेकिन नगरपालिका वित्तीय वर्ष 2025-26 में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। यह जरूर है कि नगरपालिका ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से अधिक यानि 81 प्रतिशत टैक्स वसूली किया है। 2024-25 में नपा के टैक्स वसूली का प्रतिशत मात्र 65.51 था। नगरपालिका ने विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 9,40,73,439 रूपये की वसूली की है, जबकि नगरपालिका की कुल मांग 11,67,80,790 रूपये थी। हालांकि नगरपालिका ने करों की वसूली के लिए सरचार्ज में छूट भी दी थी। जिससे इस वर्ष लोगों ने भी टैक्स जमा करने में खासी रूचि दिखाई। इसके अलावा लोक अदालत भी टैक्स वसूली का अच्छा माध्यम बना। जिससे नगरपालिका 80 फीसदी से अधिक टैक्स वसूल करने में कामयाब हो सकी। बता दे कि सामान्य तौर पर किसी भी नपा की वित्तीय स्थिति राजस्व विभाग पर टिकी रहती है। बताया जाता है कि सभी करों का भुगतान आने के बाद यह राशि नगरपालिका विकास कार्यो पर खर्च करती है। नगरपालिका का बजट भी राजस्व वसूली पर निर्भर करता है।

#### जल शुल्क वसूली में नपा पिछड़ी

जल शुल्क की वसूली में हर साल की तरह इस साल भी नगरपालिका पिछड़ गई है। शहर में जलशुल्क की डिमांड 3 करोड़ 63 लाख 83 हजार 621 रुपए थी। जिसके विरूद्ध नगरपालिका 2 करोड़ 10 लाख 35 हजार 718 रुपए की वसूल कर पाई है। जबकि 1 करोड़ 53 लाख 47 हजार 903 रुपए अब भी शहरवासियों पर बकाया है। जलकर की शतप्रतिशत वसूली नहीं हो पाने के कारण नगरपालिका पर पेयजल सप्लाई को वित्तीय भार बढ़ रहा है। इस वजह से नगरपालिका को जलशुल्क की दर 150 रुपए प्रतिमाह करना करना पड़ा है। नगरपालिका में जलशुल्क वसूली का सबसे कम 58 प्रतिशत रहा है।

#### अब लोगों को नहीं मिलेगा छूट का लाभ

समय पर टैक्स जमा करने पर दी जाने वाली छूट का लाभ अब इन उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगा, जिन्होंने अभी तक टैक्स जमा नहीं किया है। नगरपालिका सूत्रों के मुताबिक ऐसे करदाताओं की संख्या लगभग 15 हजार है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन उपभोक्ताओं ने समय सीमा के भीतर टैक्स जमा नहीं किया, उन्हें अब नए वित्तीय वर्ष में दोगुना टैक्स देना होगा। नगरपालिका ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संपत्तिकर में 10 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव भी पारित किया है। यह बढ़ोतरी केवल नए वित्तीय वर्ष के कर पर लागू होगी और पिछले बकाया पर नहीं जोड़ी जाएगी। इसके बावजूद जिन करदाताओं ने पिछले वर्ष का टैक्स जमा नहीं किया है, उन्हें दोगुना टैक्स देने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष का बढ़ा हुआ कर भी जमा करना होगा।

#### 109 प्रतिशत वसूला संपत्ति कर

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के साथ नगरपालिका बैतूल ने संपत्तिकर वसूली में रिकॉर्ड बनाया है। नगरपालिका के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 4 करोड़ 8 लाख 83 हजार 440 रुपए के संपत्तिकर की मांग रखी गई थी, जिसके विरुद्ध नगरपालिका ने 4 करोड़ 45 लाख 77 हजार 689 रुपए की वसूली की। यह कुल मांग का 109 प्रतिशत है, जो एक रिकॉर्ड है। अधिकारियों का कहना है कि अंतिम समय में बकाया करदाताओं द्वारा दोगुना टैक्स जमा करने से यह लक्ष्य पार हो सका। इसके अलावा नपा ने सामान्य जलकर की 91 प्रतिशत वसूली की है। सामान्य जलकर की कुल मांग 828124 रूपये थी, जिसमें से नपा ने 755953 रूपये वसूल किये है।

#### भरना होगा दोनों वर्ष का टैक्स

शहर में अभी भी करीब 15 हजार लोगों ने संपत्तिकर जमा नहीं किया है। अब नए वित्तीय वर्ष में इन्हें संपत्तिकर की दोगुनी राशि यानि दोनों वर्ष का टैक्स जमा करना होगा। बताया गया कि यह संशोधित प्रावधान पिछले वित्तीय वर्ष में ही किया गया है। देखा जाए तो वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका को डिमांड से करीब 2,27,07,351 रुपए कम मिले है। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका की कुछ डिमांड 11 करोड़ 67 लाख 80 हजार 790 थी। जिसके विरूद्ध नगरपालिका ने 9 करोड़ 40 लाख 73 हजार 439 रुपए वसूल किये है, जबकि 2 करोड़, 27 लाख से अधिक राशि शहरवासियों को बकाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरपालिका की 81 प्रतिशत राजस्व वसूली हो सकी है।

#### वृद्धि की गई है

नगर में अभी भी करीब पंद्रह हजार बकायादार है, जिन्होंने इस वर्ष टैक्स जमा नहीं किया है। इस वजह से उन्हें अब नए वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का दोगुना टैक्स जमा करना होगा। वहीं नए वित्तीय वर्ष से संपत्तिकर में दस प्रतिशत की वृद्धि भी कर दी गई है।

**ब्रजगोपाल परते,**
वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नगर पालिका बैतूल

बैतूल-नागपुर हाईवे पर हादसा

## 2 बाइकों की टक्कर में एक की मौत, 3 घायल अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बानूर खापा के पास रविवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक किसान की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य लोग घायल हो गए। मृतक अपने साथी के साथ ससुंद्रा क्षेत्र से लौट रहा था और ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका था। पुलिस ने सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराकर मामला दर्ज कर लिया है और सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, झिरी खापा निवासी सुखराम भूरा (36) अपने साथी तुलसीदास मस्कोले के साथ ससुंद्रा क्षेत्र गए थे। लौटते समय वे बानूर खापा के पास एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके थे। इसी दौरान रात में दो बाइकों की जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में सुखराम भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, गणेश सहित दो अन्य लोगों को भी चोटें आईं। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुखराम भूरा को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। मृतक के भांजे रोशन ने बताया कि सुखराम खेती-किसानी का काम करते थे और परिवार में सबसे बड़े भाई थे। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नपा अध्यक्ष पद पर नया विवाद

## हाईकोर्ट का आदेश, फिर भी नहीं मिला प्रभार, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे विवाद में एक नया घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस की नीतू प्रहलाद सिंह परमार ने सोमवार को कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे से मुलाकात की।

उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें पदभार नहीं दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। परमार ने बताया कि हाई कोर्ट जबलपुर ने 6 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाया था। इस फैसले में उनके निर्वाचन को वैध ठहराते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष पद संभालने की अनुमति दी गई थी। इसके बाद 7 अप्रैल को मुख्य नपा अधिकारी को पदभार ग्रहण करने के लिए आवेदन भी दिया गया, लेकिन अब तक उन्हें पदभार नहीं दिलाया गया है। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बता दे कि मुलताई नपा अध्यक्ष का यह विवाद 2022 के चुनाव से शुरू हुआ था। नीतू परमार चुनाव जीतकर अध्यक्ष बनी थीं। बाद में उनके चुनाव को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जून 2023 में जिला न्यायालय ने परमार के चुनाव को अवैध घोषित करते हुए शून्य कर दिया था और नए चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शासन ने भाजपा पार्षद वर्षा गढ़ेकर को अध्यक्ष नियुक्त किया। नीतू परमार ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी।

342 करोड़ के डिस्मेंटल प्रोजेक्ट में बाहरी श्रमिकों की एंट्री पर बवाल

## भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**सारनी।** सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट में चल रहे 660 मेगावाट नई इकाई निर्माण और पुरानी इकाइयों 6, 7, 8 एवं 9 के डिस्मेंटलिंग कार्य को लेकर सोमवार को भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ (बीएमएस) ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य अभियंता (उत्पादन), नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने एकजुट होकर स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग उठाई। संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि डिस्मेंटलिंग का कार्य चिनार स्टील सिगमेंट सेंटर प्राइवेट लिमिटेड को लगभग 342 करोड़ रुपए में सौंपा गया है। बावजूद इसके, कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर बाहरी श्रमिकों को लाकर काम कराया जा रहा है, जबकि सारनी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में कुशल, अर्धकुशल और अकुशल श्रमिकों की कोई कमी नहीं है। इस अनदेखी से स्थानीय युवाओं और मजदूरों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। श्रमिक संघ ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि पूर्व में इकाई क्रमांक 1 से 5 तक के डिस्मेंटलिंग कार्य तथा 250म250 मेगावाट की नई इकाइयों के निर्माण में स्थानीय श्रमिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके अनुभव और परिश्रम से ही प्लांट का संचालन सफलतापूर्वक हो रहा है। ऐसे में वर्तमान प्रोजेक्ट में स्थानीयों को दरकिनार करना पूरी तरह अनुचित बताया गया।

**बिना पुलिस वेरिफिकेशन बाहरी मजदूरों की एंट्री पर उठे सवाल:** ज्ञापन में यह भी गंभीर आरोप लगाया गया कि बाहरी राज्यों से आए श्रमिकों को बिना उचित पुलिस सत्यापन और रिकॉर्ड के प्लांट में प्रवेश दिया जा रहा है। इसे सुरक्षा नियमों की खुली अनदेखी बताते हुए संघ ने मांग की कि बिना पुलिस वेरिफिकेशन किसी भी बाहरी मजदूर को प्लांट में प्रवेश न दिया जाए। संघ के संरक्षक सुनील भारद्वाज, महामंत्री विनोद भारती सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो यह आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

सादगी और सहजता के साथ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प

## भाजपा प्रदेध अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बैलगाड़ी से पहुंचे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गांव- बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को बैतूल, भैंसदेही एवं घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के देवगांव, खाटापानी, चिरापाटला, मंडई ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से भेंट कर वरिष्ठजनों को सम्मानित किया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने सार्वजनिक और धार्मिक स्थानों पर सफ़ाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने भीमपुर में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।गांव - बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैलगाड़ी से ग्राम चिरापाटला में अनोखे अंदाज में पहुंचकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। चिरापाटला ग्राम में बैलगाड़ी से सवार होकर बैलों



को हांकते हुए पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष , बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सादगी, परंपरा और ग्रामीण जीवन से उनके गहरे जुड़ाव का संदेश का दिया। गांव - बस्ती में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति -रिवाजों,तौर-तरीकों और ढोल नगाड़ों से उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान खंडेलवाल ने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से सहजता के साथ भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और संवाद किया।

#### गांव, गरीब,किसान और वंचित वर्ग का उत्थान हमारी प्राथमिकता

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री खंडेलवाल ने कहा कि गांव बस्ती चलो अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं को समझना और समाधान के लिए ठोस पहल करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच हमेशा से गरीब, किसान और वंचित वर्ग के कल्याण पर केंद्रित रही है। उन्होंने आगे कहा कि सादगी और सहजता ही जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी ताकत होती है। श्री खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव-गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान ही हमारी प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंच रहा है। इस दौरान विधायक महेंद्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई उईके, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाह,गांव -बस्ती चलो अभियान के जिला संयोजक भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, पूर्व जनपद अध्यक्ष चिरोंजी पटेलस आदि रहे मौजूद।

नवागत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

# सुशासन व जवाबदेही पर रहेगा फोकस, गड़बड़ी पर जीरो टॉलरेंस: कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नवागत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार मीडिया से रूबरू होते हुए प्रशासन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिले में गुड गवर्नेंस को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने बताया कि अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए तथा हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय अनियमितताओं और गड़बड़ी पर ₹जीरो टॉलरेंस₹ की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को धरातल पर उपयोगी और टिकाऊ बनाने के निर्देश सभी सीएमओ एवं सीईओ को दिए गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञों के परामर्श से जल संरचनाओं और निर्माण कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा क्षेत्रों में मैदानी संस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न विभागों के कार्यों का नियमित फील्ड निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

#### सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं: कलेक्टर सोनवणे

**बैतूल।** नवागत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों को भली-भांति समझें और योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुशासन को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आमजन की समस्याओं का निष्पक्ष एवं संवेदनशील समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण लंबे समय तक लंबित न रहे। व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं लोक सेवा गारंटी के मामलों को प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़े, यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए संबंधित अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। वित्तीय अनियमितताओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही जनहित के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु समय-समय पर फीडबैक साझा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय समन्वय के साथ प्रकरणों का विवेकपूर्ण निराकरण करने, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा क्षेत्रीय निरीक्षण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम का प्रभावी संचालन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे विभागीय पोर्टलों की स्वयं मॉनिटरिंग करें और कार्यों को केवल ऑपरेटर के भरोसे न छोड़ें। उन्होंने महत्वपूर्ण एवं नियमित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग कर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया।

#### पत्रकार कल्याण परिषद ने किया नवागत कलेक्टर का स्वागत



**बैतूल।** जिले के नवागत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे का भारत के पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन, पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई बैतूल द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान नवागत कलेक्टर श्री सोनवणे ने पत्रकार कल्याण परिषद बैतूल के पदाधिकारियों से रूबरू होते हुए पत्रकारों एवं प्रशासन के बीच अच्छा समन्वय बनाने को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर पत्रकार कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष कैलाश अग्निहोत्री, महासचिव संजय द्विवेदी, संभागीय प्रभारी राधेश्याम सिन्हा, उपाध्यक्ष विक्की लिल्हारे, सचिव चंद्रशेखर यादव सहित बडी संख्या में पत्रकार मौजूद थे। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री सोनवणे ने रविवार को बैतूल पहुंचकर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया है। इसके पूर्व नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी बैतूल कलेक्टर थे, जिनका तबादला रीवा कलेक्टर के रूप में हुआ है।

खबर संक्षेप

### ताम्रकार समाज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



**माखननगर।** ताम्रकार समाज का सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन काली मंदिर फार्म पर किया गया। जिसमे भगवान सहस्त्रबाहु महाराज का पूजन किया। प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में वर्मा सेनानी परिवार एवं पूर्व लाइंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा द्वारा ताम्रकार समाज के अध्यक्ष ललित ताम्रकार वरिष्ठ शिक्षक सेवानिवृत शिक्षक राजेश ताम्रकार का स्वागत में साल ,पुष्पमाला से सम्मानित किया मंच संचालन कवित्री श्रीमती कीर्ति वर्मा एवं ताम्रकार समाज के सभी पदाधिकारियों ने वर्मा सेनानी परिवार श्री दीपक वर्मा (पूर्व लायंस अध्यक्ष ) का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरेश वर्मा विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।
महिला मंडल द्वारा मंदिर में भजन कीर्तन किया गया। आगामी सामाजिक कार्यक्रम की चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र ताम्रकार , प्रदीप वर्मा , दीपक वर्मा सुरेश वर्मा, दीपक ताम्रकार, शंकरलाल ताम्रकार, राजेश ताम्रकार, कार्तिक वर्मा ,विमल वर्मा सौमित्र वर्मा, विमल वर्मा सचिव , वरुण ताम्रकार कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चार दिन बाद भी शुरू नहीं हुई सभी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

# किसानों के परिवारों में शादियां, खुले बाजार में गेहूं बेचने को विवश किसान

जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ की जा चुकी है परंतु सोहागपुर में खरीदी शुरू नहीं हो सकी। किसानों की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने एसडीएम से चर्चा की खरीदी प्रारंभ कराने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी सोहागपुर में 10 अप्रैल से शुरू होनी थी। लेकिन सोहागपुर के सभी केंद्रों पर गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई है। तथा बहुत अधिक परेशान किसान बाजार में उपज बेचने को विवश हो रहे हैं।

मामले में किसानों ने बताया कि कई कृषक बंधुओं के परिवारों में शादियां हैं। तथा किसान मजबूरी में खुले बाजार में रू2200 से लेकर रू2300 प्रति क्विंटल की दर पर अपनी गेहूं की उपज बेचने को विवश हैं, क्योंकि उन्हें बड़ी राशि की आवश्यकता है। लेकिन समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी घोषित केंद्रों पर शुरू नहीं हो पा रही है। हरिभूमि प्रतिनिधि ने सोमवार दोपहर एसडीएम प्रियंका भलावी से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सोमवार से कुछ केंद्रों पर गेहूं खरीदी शुरू कर की गई है। भलावी ने बताया कि शीघ्र ही ब्लॉक में घोषित सभी केंद्रों पर खरीदी शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति प्रबंधक वेयरहाउस पर खुले में खरीदी करने पर सहमत नहीं हैं। लेकिन सभी को खरीदी प्रारंभ करने की समझाइश दी गई है।

#### एसडीएम से मिले कांग्रेसी



सोमवार दोपहर क्षेत्रीय कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम प्रियंका भलावी से भेंट की है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम से सोहागपुर क्षेत्र के सभी केंद्रों पर गेहूं खरीदी चालू करवाने की मांग की। साथ ही कहा कि खरीदी समितियों द्वारा वेयरहाउस के अंदर तुलाई करने की जो मांग की जा रही है, उस पर विचार किया जाए। साथ ही किसानों के लिये जल्द खाद की उपलब्ध कराने की भी मांग कांग्रेसियों ने एसडीएम भलावी से की। इस भेंट के दौरान पुष्पराज पटेल, संतोष मालवीय, आलोक जायसवाल, गजेंद्र चौधरी, प्रांजल तिवारी, किसान नेता केशरी पटेल आदि उपस्थित थे।

#### जानबूझकर बनाई परेशानी : मालवीय

मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय का कहना है कि किसानों के समक्ष जानबूझकर इस तरह की स्थिति बनाई जा रही है। ताकि किसान बंधु परेशान होकर बाजार में व्यापारियों को अपनी उपज कम दामों पर बेच दें। मालवीय के अनुसार 10 अप्रैल से खरीदी शुरू होनी थी, जिसमें लघु तथा सीमांत कृषकों को स्लॉट बुकिंग के मैसेज भी भेजे गए थे। लेकिन जब किसान उपज लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं तो सन्नाटा छाया हुआ है। मालवीय ने आरोप लगाया कि छोटे व सीमांत कृषकों को परेशान किया जा रहा है। ताकि वे अपने उपज कम दाम में बाजार में बेचें और व्यापारियों से सांठगांठ से उक्त नई उपज समर्थन मूल्य पर बेची जा सके। उन्होंने पर रोष जताते हुए किसानों की समस्या के निराकरण की अपेक्षा जिला प्रशासन से व प्रदेश सरकार से की है।

#### इनका कहना है

मैंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गेहूं खरीदी शुरू कराएं। मैं स्वयं केंद्रों का निरीक्षण करूंगी।

**प्रियंका भलावी, एसडीएम सोहागपुर।**

## बाजार के अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा, जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

खबर का असर

शहर में फैले अतिक्रमण के मकड़जाल को लेकर आईना दिखाती खबर हरिभूमि ने 12 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद नगर प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा। सोमवार को खुद मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा के नेतृत्व में अमले ने मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने कार्यवाही की।

नपा की टीम ने बाजार में उन दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की, जिन्होंने अपनी दुकानों के बाहर सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर सामान फैलाकर अतिक्रमण कर रखा था। टीम ने न केवल सड़कों से सामान हटवाया, बल्कि मार्ग अवरुद्ध करने वाले दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी भी दी।

सीएमओ मेहरा की उपस्थिति में नगर पालिका की टीम ने नियम तोड़ने वाले दुकानदारों पर नकेल कसी और मौके पर ही 3000 रुपए का जुर्माना वसूल किया। सीएमओ ने पूरी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और स्पष्ट किया कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन ने सभी व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपना सामान दुकान की सीमा के भीतर ही रखें। अधिकारियों का कहना है कि सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किया गया अतिक्रमण न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे राहगीरों को भी भारी असुविधा होती है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाया गया, तो सामान जब्ती के साथ-साथ और भी कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## जगत में नारी साक्षात देवी स्वरूप है इसकी वंदना होनी ही चाहिए : डॉ सुमन अवस्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, में प्रभारी प्राचार्य डॉ.आई .एस .कनेश के निर्देशन में नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत महिलाओं के कानूनी अधिकारों के लिए विशेष व्याख्यान माला आयोजित की गई सर्व प्रथम मां सरस्वती का पूजन किया गया 1 रासेयो स्वयं सेविकाओं ने तिलक लगाकर सबका स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी पार्षद निरंजना दुबे ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि जब तक नारी शक्ति के अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता नहीं होगी उनका शोषण होता रहेगा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. क्षमा मेहरा ने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर अपना उद्धबोधन देते हुए कहा कि समान कार्य समान वेतन हमें संविधान से प्राप्त अधिकार हे जिसकी जानकारी होना अनिवार्य है वर्तमान सरकार का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम निश्चित ही प्रशंसनीय है, डॉ.आकांक्षा यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के इस युग में साइबर सुरक्षा जैसे संवेदन शील मुद्दे पर समग्र रूप से सोचने की आवश्यकता है।समाज शास्त्र की प्रो.शिवानी मालवीय ने सामाजिक बंधनों के कारण पढ़ाई छोड़ना बालिकाओं के भविष्य लिए चिंता जनक बताया। डॉ.सुमन अवस्थी ने कहा कि नारी साक्षात देवी स्वरूप हे इसकी वंदना होनी ही चाहिए ।

## शासकीय महाविद्यालयों में हुआ नारी शक्ति वंदन पखवाड़े पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में सोमवार, 13 अप्रैल 2026 को 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उत्साहपूर्वक देखा।

#### 33% आरक्षण लोकतंत्र का मील का पत्थर: प्राचार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य सुश्री दीपाली जैन ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को




मिलने वाला 33% आरक्षण भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे नीति-निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

#### कार्यस्थल पर लैंगिक समानता पर व्याख्यान

आयोजन के दौरान "कार्यस्थल पर लैंगिक समानता" विषय पर एक विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता श्री रोहित कुशवाहा ने आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में सफल महिलाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि आज की महिलाएं केवल सहभागी नहीं बल्कि प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रही हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की महत्ता पर विशेष बल दिया।

#### विकसित भारत की अग्रदूत होंगी महिलाएं

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. प्रफुल्ल कुमार ने किया। उन्होंने कौशल विकास और महिलाओं की वित्तीय साक्षरता जैसे गंभीर विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शाफिया ज़हरा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में महिलाएं केवल विकास की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास प्रक्रिया की मुख्य अग्रदूत होंगी।

### दिल्ली में हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, सोहागपुर नगर परिषद में महिलाओं ने देखा सीधा प्रसारण



**सोहागपुर।** दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण सोहागपुर नगर परिषद में महिलाओं ने नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल की उपस्थिति में देखा। नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल की उपस्थिति में सभा कक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का सीधा प्रसारण देखा। आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं तथा करोड़ों लखपति दीदियां सुदृढ़ भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर चुकी हैं। इस अवसर पर उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण मात्र एक नारा नहीं है, बल्कि मैदानी रूप से महिला सशक्तीकरण के सैकड़ों उदाहरण बदलते भारत का प्रमाण बन चुके हैं। कार्यक्रम में पार्षदद्वय अमृता चौरसिया, कविता साहू, भाजपा नेत्री पूनम दुबे, पुष्पा वर्मा, नपकर्मी सरला सनकत, रजनी ठाकुर, बरखा ठाकुर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं का उपस्थित थीं।

### मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं पिपरिया विधायक नागवंशी

**पिपरिया।** विधानसभा क्षेत्र 139से लगातार अजेय विधायक ठाकुरदास नागवंशी लगातार 4बार से लगातार बढ़ती संख्या से विजय बने है। जब उदयपुरा विधायक को पहली बार में ही मंत्री बनाया गया है तो यह तो अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। अनुभव शील विधायक हैं। तभी तो कृषि विभाग के सभापति नियुक्त किए गए हैं। विकास कार्य की बात की जावे तो उन्होंने किसी भी सुविधा से विधानसभा क्षेत्र को अधुरा नहीं छोड़ा है। गांव गांव चलो अभियान में विधायक ठाकुरदास नागवंशी का काफिला लगातार कार्यक्रम आयोजित में पहुंच रहे हैं। नपा का विकास कार्य तो खुद ही बोल रहा है। मंत्री मंडल का विस्तार होने की चर्चा में राजनीतिक गलियारों में ठाकुर दास नागवंशी का नाम चर्चा में गति प्रदान कर रहा है।

## नारी शक्ति वंदन: सिवनी मालवा के कुसुम महाविद्यालय में संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत विशेष व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा एवं विशेष अतिथि सुनीता लोवंशी ,संचालक लक्ष्मी समाज कल्याण संस्था,अनीता बाथव एल्डर मेन नगरपालिका एवं लीना शर्मा नगर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी आमंत्रित रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। साथ ही नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण समस्त अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा देखा गया। इसके उपरांत समस्त अतिथियों का प्राचार्य द्वारा शॉल एवं पुष्पगुच्छ



द्वारा सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ ए के यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व और महिलाओं के लिए इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। मुख्य अतिथि प्रीति शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा किशोरियों एवं महिलाओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

### 18 अप्रैल को मनेगी भगवान परशुराम जयंती

**सोहागपुर।** सोहागपुर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 18 अप्रैल शनिवार को श्री परशुराम जयंती आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्री विष्णु सहस्त्रनामार्चन किया जाएगा। उक्त निर्णय रविवार शाम श्री शंभू दरबार पलाश परिसर में हुई बैठक में सर्व सहमति से लिया गया है। श्री शंभू दरबार अर्चक गृहस्थ संत



पंडित प्रकाश मुद्गल ने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज सोहागपुर के वरिष्ठ डीके मिश्रा की अध्यक्षता व वरिष्ठजनों एमएल स्वामी, शिरीष तिवारी, मंगलेश दुबे, रेवतीप्रसाद मुद्गल व राजेश दुबे के मार्गदर्शन में बैठक की गई। जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि 18 अप्रैल को शाम तीन बजे सभी विप्र बंधुओं द्वारा श्री शंभू दरबार में भगवान श्री परशुराम का पूजन होगा। इसके बाद श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ होगा जिसमें यज्ञ आहुतियां छोड़ी जाऐंगी। इसके बाद शाम सात बजे से सह भोज आयोजन किया जाएगा। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि श्रावण मास में सर्व ब्राह्मण समाज सोहागपुर शिवाभिषेक आयोजन करेगा तथा अभिषेक उपरांत समाज के वरिष्ठजनों तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में एमएल स्वामी, दिनेश कुमार मिश्रा, शिरीष तिवारी, मंगलेश दुबे, रेवती प्रसाद मुद्गल, चुन्नीलाल मुद्गल, पंडित प्रकाश मुद्गल, सौरभ तिवारी, राजेंद्र पालीवाल, संजय दीक्षित, प्रदीप दुबे, गौरव व्यास, मधुसूदन मुदगल, धर्मेंद्र दुबे, रानू परसाई, राजेश दीक्षित, देवेंद्र दीवान, अपूर्व सरोज, अभिलाष दीक्षित, शिवशंकर मंडलोई आदि मौजूद रहे।

## पचमढ़ी में पुलिस कर्मियों को सिखाए गए सर्प बचाव का हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

स्थानीय पुलिस प्रशिक्षण शाला में सोमवार को पुलिस कर्मियों और नव आरक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण 'स्नेक रेस्क्यू' प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के प्रमुख गजेंद्र सिंह वर्धमान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य फील्ड ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों को सर्पों से सुरक्षा और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता और फॉरेस्ट गाइड देवेंद्र अहिरवार ने प्रतिभागियों को सांपों के बारे में गहन तकनीकी जानकारी प्रदान की। प्रदेश में पाई जाने वाली सांपों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताते हुए जहरीले और गैर-जहरीले सांपों के बीच अंतर करना सिखाया गया।

## डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा शहर का 100 बिस्तर शासकीय चिकित्सालय, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में लगभग 330गांव है। जिसमें सिविल अस्पताल पिपरिया का है। यहां पर हमेशा डाक्टरों की कमी बनी हुई है। पूर्व में तो डॉक्टर अरविंद अग्रवाल बीएमओ पदस्थ रहे हैं। तब तक बीएमओ ही सुबह से मरीज देखा करते थे। लेकिन अभी वर्तमान बीएमओ ऋचा कटकबार ने पदभार संभाला है। तब से वही बीएमओ बैठते ही नहीं है। डाक्टरों का अभाव हमेशा यूं ही बनाए हुआ है।आज भी 100 विस्तरीय अस्पताल है। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असली नाम कागजों में लगातार चल रहा है।उसी तरह की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। लेकिन अभी तक विधानसभा क्षेत्र में लगातार किडनी के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। बरेली गाडरवारा




नरसिंहपुर नर्मदापुरम में डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराई गई है। लेकिन पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में लगभग मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। लेकिन अभी वर्तमान में अस्पताल पिपरिया सुविधाएं पाने में पिछड़ता जा रही है। पचमढ़ी हिल स्टेशन में लगभग 10 मरीज किडनी के है। पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में लगातार महिला मरीज बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। अस्पताल प्रबंधन समिति द्वारा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। डायलिसिस में मरीज एवं परिवार पर खर्च अधिक होने से जनता परेशान हैं। इस विषय में बीएमओ ऋचा कटकबार ने बताया कि डाक्टरों की समस्या बढ़ती जा रही है। मशीन डायलिसिस तो उपलब्ध कराई जा सकती है। पर चलाने वाले डाक्टर को पहले ही लाना होगा तभी प्रस्ताव भेजा जा सकता है। विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने बताया कि नगर पालिका परिषद एवं जनपद पंचायत अस्पताल से बैठक कर शीघ्र ही स्वास्थ्य मंत्री को प्रस्ताव एवं विधायक का लेटरहेड लगाकर डाक्टर एवं डायलिसिस मशीन के लिए भेजे जा रहे हैं। प्रशांत रघुवंशी रोगी कल्याण समिति अध्यक्ष ने बताया कि बीएमओ सहित उच्च अधिकारियों से चर्चा हो चुकी है। प्रस्ताव पारित होते ही सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### जलगंगा संवर्धन अभियान पखवाड़ा रैली निकाली

**माखन नगर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड माखननगर में जनजागरूकता रैली निकाली गई एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। रैली के माध्यम से जन अभियान परिषद के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया रैली में छात्रों के द्वारा प्रेरणादाई नारे लगाए गए।
इस अभियान का उद्देश्य तालाबों कुओं और बाबरी का कायाकल्प करना नदियों को साफ करना तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक पवन सहगल , विकासखंड समन्वयक नरेन्द्र देशमुख नवांकुर संस्था संचालक हरीश नामदेव, मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव, नीतिराजसिंह यादव, मनोज परसाई, मोनू मांझी,परामर्शदाता हर्ष तिवारी, मुकेश यादव, मनीष यादव आदि शामिल रहे।

**इश्तहार / प्रेस - विज्ञप्ति**

**रा.प्र.क्र. 0056 अ-6 वर्ष 2025-26**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका कविता अग्रवाल पत्नि अशोक कुमार अग्रवाल निवासी सुभाषगंज सराफा बाजार, इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 09 प्लाट नं. 6/30 रकबा 10008 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख में श्रीमति काबेरी बाई अग्रवाल पत्नि गोपीचंद अग्रवाल एवं अशोक कुमार अग्रवाल आ. स्व. गोपीचंद अग्रवाल के नाम दर्ज है। भूमिस्वामी/सहखातेदार श्रीमति कावेरी बाई अग्रवाल का निधन दिनांक 06/09/2025 को शहर इटारसी में हो गया है। श्रीमति काबेरी देवी अग्रवाल ने अपने जीवनकाल में उक्त वर्णित भूमि में से अपने हिस्से की भूमि अर्थात रकबा 50004 व.फु. के संबंध में एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा ई-पंजीयन क्रमांक MP169792020A3618227 दिनांक 30/09/2020 को उपपंजीयक कार्यालय इटारसी में आवेदिका के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदिका उक्त वर्णित भूमि पर विक्रय पत्र के आधार पर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज कराना चाहता है। अतः आवेदिका द्वारा रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 30/09/2020 के आधार पर अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 15/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी,इटारसी**

**इश्तहार / प्रेस - विज्ञप्ति**

**रा.प्र.क्र. 0055 अ-6 वर्ष 2025-26**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक अनिरूद् अग्रवाल आ. अशोक कुमार अग्रवाल निवासी सुभाषगंज सराफा बाजार, इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र. भू. रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 18 प्लाट नं. 2/1 रकबा 1218 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख मे श्रीमति काबेरी बाई अग्रवाल पत्नि गोपीचंद अग्रवाल के नाम दर्ज है। भूमिस्वामी श्रीमति कावेरी बाई अग्रवाल का निधन दिनांक 06/09/2025 को शहर इटारसी में हो गया है। श्रीमति काबेरी देवी अग्रवाल ने अपने जीवनकाल में उक्त वर्णित भूमि के संबंध में एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा ई-पंजीयन क्रमांक MP169792020A3618227 दिनांक 30/09/2020 को उपपंजीयक कार्यालय इटारसी में आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक उक्त वर्णित भूमि पर विक्रय पत्र के आधार पर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज कराना चाहता है। अतः आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 30/09/2020 के आधार पर अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 15/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी,इटारसी**

**कार्यालय जनपद पंचायत माखन नगर, जिला-नर्मदापुरम्**
ई-मेल -jpbabhosmp@mp.nic.in, (07574)-259448
क्रमांक /916/ ज.प./कन्या विवाह / 2026 माखननगर दिनांक 13/4/26

**निविदा-विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत माखननगर में मुख्यमंत्री कन्याविवाह / निकाह योजनांतर्गत 53 जोडो का सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम दिनांक 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सामूहिक विवाह की व्यवस्था में लगने वाली सामग्री की निविदा निम्नानुसार दिनांक 16.04.2026 को सायं 04 बजे तक आमंत्रित किये जाते है, इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित दिनांक व समय पर बंद लिफाफे अपनी-अपनी दरें पृथक-पृथक श्री हरिप्रसाद बरेले खण्ड पंचायत अधिकारी, जनपद पंचायत माखननगर को प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं किये जावेंगे।

| क्र | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | टेण्ट सामग्री - जिसमें स्टेज तथा वर-वधु को बैठने हेतु विछात पट्टी जिस पर गादी, चादर सहित तथा पंखा-कूलर, टेबिल-कुसी आवश्यकतानुसार सामग्री। |
| 2 | माईक सेट- जिसमें 4 चोगे तथा 6 कार्डलेश |
| 3 | भोजन पैकिट - सब्जी 1, पुड़ी 6 नग, मीठा पीस-1, नमकीन 25 ग्राम, सलाद, अचार |
| 4 | वीडियोग्राफी / फोटोग्राफी आवश्यकता अनुसार |

शर्ते -
1. उपरोक्त सामग्री ज.पं. माखननगर के विवाह स्थल पर पहुंचाकर देना होगी, जिसमें किसी प्रकार का परिवहन व्यय देय नही होगा।
2. भोजन पैकिट अपरान्ह 12 बजे तक विवाह स्थल पर पहुंचा कर देना होगा, जिसमें सब्जी-पुड़ी ताजी व गर्म उच्च गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिये। भोजन सामग्री प्रदायकर्ता को खाद्य प्रदूषण विभाग से पंजीकृत प्रमाणपत्र संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
3. किसी भी विवादस्पद स्थिति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व / मु.का.अ. ज.पं. माखननगर का निर्णय मान्य करना होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत माखननगर**

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती पर आज कार्यक्रम होंगे

**हरदा।** जिले में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के सभी विभागीय छात्रावास एवं आश्रमों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि इस दौरान खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबन्ध लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और पालक समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने सभी छात्रावास व आश्रम अधीक्षक अधीक्षिकाओं को संस्था में साफ-सफाई, रंगाई - पुताई और परिसर की सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में प्रातः 11 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में बताया जाएगा।

### जेल लोक अदालत का आयोजन 26 को

**हरदा।** 26 अप्रैल को जिला जेल, हरदा में जेल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जेल लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है, ताकि उन्हें शीघ्र न्याय मिल सके।

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 19 को

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 129 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। प्रवेश के लिए ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 1 तक सीहोर के माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी। सीहोर जिले के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ही निर्धारित किया गया है।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। विदेश में उच्च शिक्षा, शोध उपाधि उपरान्त अध्ययन, पीएचडी एवं स्नातकोत्तर करने के लिए चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या 50 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत अभ्यर्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना के नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा।

---

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों से चर्चा की

# खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच कर खाद्य सामग्रियों के नमूने लें: कलेक्टर

### जिन प्रकरणों में पेनल्टी अधिरोपित की गई है, उनकी वसूली की कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से जांच कर खाद्य सामग्रियों के नमूने लें। अवैध उत्खनन के जिन प्रकरणों में पेनल्टी अधिरोपित की गई है, उनमें वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तंबाकु नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास तम्बाकु उत्पाद विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने पीएम राहत योजना के तहत सम्बद्ध चिकित्सालयों के कैशलेस उपचार की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक ने निर्देश दिये कि जिले में चिन्हित ब्लेक स्पॉट पर सुरक्षा बढ़ाने, व यातायात प्रबन्धन सुधारने और दुर्घटनाओं को कम करने के उपाय किये जायें। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि हरदा शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित किये जायें। इस हेतु संकेतक बोर्ड भी लगाये जाएं।

#### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण करें

सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण संतुष्टीपूर्ण तरीके से करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्ड न हो। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में मूंग फसल को ध्यान में रखते हुए कीटनाशक दवाओं व उर्वरकों के सैम्पल लेने के निर्देश भी दिये। उन्होने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार को निर्देशित किया कि सभी पटवारियों की नियमित बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। कलेक्टर ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सौंपे गये लक्ष्यों को पूर्ण करें। इस दौरान उन्होने अभियान के तहत बनाये जा रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी सुपरवाईजर नियमित रूप से सेम एवं मेम बच्चों की प्रगति की जानकारी नियुक्त किये गये जिला अधिकारियों को दें।

#### जिला स्तरीय बैठक संपन्न

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला हरदा द्वारा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिले में कार्यरत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में जिला समन्वयक संदीप गौहर ने परिषद के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि जनअभियान परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति दे रही है। इस दौरान स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने कार्यों की जानकारी साझा की। इस दौरान ॄजल गंगा संवर्धन अभियानॄ के अंतर्गत बोरी बंधान, नर्सरी निर्माण तथा प्याऊ व्यवस्था जैसे कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में नवांकुर संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी सराहा गया। बैठक में एनजीओ डायरेक्टरी तैयार करने के विषय पर भी चर्चा हुई, जिससे सभी संस्थाओं के कार्यों का समन्वय बेहतर हो सकेगा इस संबंध में संस्थाओं के सर्वे प्रपत्र भरकर राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के राज्य कार्यालय पर भेजा जाएगा। कलेक्टर श्री जैन ने जिले में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए एनजीओ से सहयोग की अपील की। उन्होंने जनअभियान परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के विकास में स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया विकासखंड के समन्वयक, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा लगभग 40 स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

### लूट की वारदात का खुलासा

# लूट करने वाले आरोपियों को 24 घंटे के भीतर पकड़ा

### 3 युवक पुलिस की गिरफ्त में, एक फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार दोपहर हुई लूट की वारदात का चंद घंटों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एसडीओपी शालिनी परस्ते ने इसकी जानकारी दी। घटना रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे यादव छात्रावास के पास हुई। टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम गागियाखेड़ी निवासी इमेश सरवरे अपने दो छोटे भाइयों के साथ बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चार अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर लूटपाट की। बदमाशों ने इमेश की जेब से 1100 रुपए नकद निकाले। एक आरोपी ने चाकू दिखाकर मोबाइल का पासवर्ड पूछा और 1700 रुपए 'काव्या जनरल स्टोर' के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। तीसरे आरोपी ने कुनाल नामक युवक की जेब से 180 रुपए निकाले, जबकि चौथे ने राजवीर डोंगरे के कान से सोने की बाली छीन ली। लूटपाट के बाद चारों आरोपी रुपए और सोने की बाली लेकर झाड़ियों में छिप गए थे। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मुखबिर लगाए और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने मदीना कॉलोनी के पास झाड़ियों में छिपे आरोपी अजय पिता महेश राजपूत (26, निवासी सेंटमैरी स्कूल के पास), हारिश पिता शमीम खान (30, निवासी मदीना कॉलोनी) और समीर पिता सैयद अली (26, निवासी खेड़ीपुरा) को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चौथा आरोपी मोटू मालवीय अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर पूर्व में भी अलग-अलग मामलों में प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने में एसआई जितेंद्र राजपूत, आरक्षक प्रदीप मालवीय, नीलेश पटेल और सजन राजपूत की विशेष भूमिका रही।

---

### नियंत्रण के संबंध में बैठक की

## ग्रामवासियों को वन्यजीव से जनहानि की घटना से बचाव करने के लिए समझाइश दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

वन परिक्षेत्र बोरपानी सामान्य अंतर्गत वनग्राम लोधीढाना में मानव-वन्यजीव द्वंद की घटनाओं के नियंत्रण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित स्थानीय ग्रामवासी, सुरक्षा श्रमिक, जनप्रतिनिधि एवं स्टाफ को ग्रीष्मकाल में महुआ, तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण हेतु स्थानीय ग्रामवासी के जाने पर कभी-कभी उनका सामना बाघ तेंदुआ एवं अन्य वन्यजीव से होने के कारण जन घायल, जनहानि की घटना से बचाव हेतु समझाइश दी गई। स्थानीय लोगों को वनोपज के संग्रहण हेतु समूह बनाकर ही जंगल में प्रवेश करने एवं साथ में आवश्यक सामग्री जैसे डंडा, मोबाइल, टॉर्च, पानी आदि साथ रखने हेतु निर्देशित किया। अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करने एवं छोटे बच्चों को भी साथ में जंगल न ले जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा एवं वन सुरक्षा संबंधी अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में वन परिक्षेत्र बोरपानी की समस्त वन समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पंचायत के सरपंच उपसरपंच, समिति अंतर्गत लगे हुए वन सुरक्षा श्रमिक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

---

### खड़ा स्थापना की, मातारानी की पावनी बुलाई गई

## 9 दिवसीय गणगौर उत्सव शुरू, 6 मंडलों ने भजन प्रस्तुत किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

केमैया मोहल्ले में रविवार से नौ दिवसीय गणगौर उत्सव, प्रथम पूज्य गणेशजी की पूजा अर्चना एवं विधि विधान के साथ प्रारंभ हुआ। रामस्वरूप गौर, संतोष गौर, अशोक गौर परिवार की ओर से मातारानी की पावनी बुलाई गई है। इसमें विभिन्न मंडलियां भजन, नृत्य, स्वांग आदि की प्रस्तुतियां दी।

रात्रि जागरण में 6 मंडलीय पहुंची, गणगौर उत्सव की शुरुआत रविवार को खड़ा स्थापना के साथ की गई। ग्रामवासी व महिलाएं बैंड बाजों के साथ अजनाल नदी के होली घाट पहुंचे। यहां पर विधि विधान से पूजा पाठ कर गणगौर उत्सव की शुरुआत की गई। गणगौर उत्सव के दौरान मंडपाच्छादन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले शनिवार को आयोजक परिवार के सदस्यों व गौरनियां ने एक साथ नर्मदा स्नान किया। मिट्टी लाकर ज्वारे बोये। मोहल्ले में गणगौर उत्सव का पंडाल आकर्षक रुप में सजाया हैं। मां गणगौर रनूबाई पावनी केमैया परिवार में बुलाई गई है, 9 दिन तक श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। अंतिम दिन मां रनूबाई को धनियर राजा के साथ विदा किया जाएगा। बोये गये ज्वारों की सेवा एवं सुरक्षा सेवा माई करेंगी। मां के दरबार में गणगौर मंडलिया द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। महिलाएं नौ दिन तक गौरनी बनकर व्रत रख रही है। दोपहर में महिलाएं अमराई में पाती सोमवार बड़ी संख्या में मातृशक्ति पाती खेलने पहुंची जहां अन्य गांव से भी महिलाओं की मंडली पहुंची। शाम को पंडाल में भजनों व झालरे की प्रस्तुति दी। आयोजक परिवार ने श्रद्धालुओं से गणगौर उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

#### मनोहक प्रस्तुति, माता बहनों ने दिए सुंदर झालरे



बालागांव। ग्राम बुंढडा में गणगोर महोत्सव के प्रथम दिवस ग्राम की महिलाओं द्वारा दिन में पाती खेली गई। साथ ही रात्रि में महिलाओं द्वारा और गांव के बच्चों द्वारा झालरे दिए गए गांव में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया। वहीं सांझ ढलते ही आयोजन स्थलों पर झालरे शुरू हुए। भजन मंडल पांडालों में गणगौर गीतों पर झालरे प्रस्तुत कर माता माय (देवी) की उपासना कर रहे हैं। चैत्र व वैशाख में मनाया जाने वाला यह उत्सव में ग्राम बूंदडा में प्रथम दिवस मंडलों द्वारा सुंदर प्रस्तुती दी गई। आयोजक ओमप्रकाश सिनगाने, रामनिवास सिनगाने, निशान्त सिनगाने एवं रामकृष्ण करोड़े, आनंद करोड़े, सृजल करोड़े द्वारा गणगौर महोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।

---

## 3 साल से फरार इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस ने हत्या के एक मामले में तीन साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल भिलाला को रविवार को उसके पैतृक गांव धामनखेड़ा से घेराबंदी कर पकड़ा गया। वह 2023 से पुलिस को चकमा दे रहा था। यह घटना 8 मार्च 2023 की है। आरोपी अनिल भिलाला ने अपने साथियों के साथ मिलकर धामनखेड़ा निवासी संतोष की हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से ही अनिल फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर हत्या (धारा 302) सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। लंबे समय तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने उस पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया था। कोतवाली पुलिस ने देवास और धामनखेड़ा में मुखबिरों को सक्रिय किया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव आने वाला है। इस सूचना पर थाना प्रभारी रवींद्र यादव के नेतृत्व में एक टीम ने जाल बिछाया।

---

### कृषि उपज मंडी में बैठककर निर्णय लिया

## किसान 28 को ट्रैक्टरों से जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



किसानों की समस्याओं को लेकर विभिन्न किसान संगठनों ने एक महा आंदोलन की रणनीति तैयार की है। सोमवार को जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में हुई बैठक में 28 अप्रैल को ट्रैक्टरों से जिला मुख्यालय का घेराव करने और डेरा डालने का निर्णय लिया गया।

इस आंदोलन का उद्देश्य किसानों के ज्वलंत मुद्दों को उठाना है। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं की तुलाई प्लेट कांटे से करने, मूंग की खरीदी शुरू करने, नरवाई जलाने पर किसानों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने, नहरों से पानी की समस्या और फसल नुकसान के मुआवजे जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। किसान नेताओं ने आंदोलन को क्रमबद्ध तरीके से चलाने का सुझाव दिया। इसमें पहले तहसील स्तर पर और फिर जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करने की योजना है। इसके लिए एक समिति गठित की जाएगी, जिसके पदाधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को आंदोलन से जोड़ेंगे।

---

### मान्यता: बारिश के चार महीनों में अच्छी बारिश होने की संभावना

# मानसून के शुभ संकेत: आवासीय खेलकूद संस्थान के मैदान पर टिटहरी ने चार अंडे दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच शहरवासियों के लिए प्रकृति ने एक बेहद सुखद संकेत दिया है। जिला मुख्यालय स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान के मैदान पर रविवार को टिटहरी के चार अंडे देखे गए। लोक मान्यताओं के अनुसार टिटहरी को 'मानसून का दूत' माना जाता है, ऐसे में मैदान पर टिटहरी के चार अंडों ने शुभ संकेत दिए हैं। बुजुर्गों ने इसे आने वाले मानसून में खुशहाली का संकेत बताया है।

मान्यताओं के अनुसार टिटहरी द्वारा दिए गए अंडों की संख्या सीधे तौर पर मानसून के महीनों और बारिश से जुड़ी होती है। रविवार को जब लोगों ने मैदान पर चार अंडे देखे तो बुजुर्गों ने अंदाजा लगाया कि इस वर्ष मानसून के चारों महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में भरपूर बारिश होगी। माना जाता है कि जितने अंडे, उतने महीने झमाझम बारिश होती है। आवासीय मैदान पर दिए गए इन अंडों की खुशियों को लोगों ने सोशल मीडिया पर भी साझा की है।



#### पिछले साल भी पूरा हुआ था कोटा

बता दें बीते वर्ष 2025 की बात करें तो जिले में बारिश की शुरुआत धीमी रही थी, लेकिन अंतिम दौर में हुई धमाकेदार बारिश ने जिले का कोटा पूरा कर दिया था। पिछले साल जिले में औसतन 1180 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। आष्टा, बुदनी और इछावर सहित जिला मुख्यालय पर हुई पर्याप्त बारिश के कारण कोलार डैम, जमोनिया तालाब, भगवानपुरा जैसे जलाशय लबालब हो गए थे। अब टिटहरी के इन चार अंडों ने उम्मीद जगाई है कि 2026 में भी जल संकट दूर रहेगा।

#### क्या कहती है मान्यता

बुजुर्गों का कहना है कि टिटहरी का ऊंचे स्थान पर अंडे देना अतिवृष्टि की ओर इशारा करता है, जबकि समतल स्थान पर अंडे सामान्य बारिश के संकेत हैं। आवासीय खेलकूद संस्थान के मैदान पर सुरक्षित स्थान पर दिए गए ये अंडे जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर लेकर आए हैं। किसानों का मानना है कि प्रकृति पहले ही आगामी मौसम का आभास कर लेती है और टिटहरी के ये अंडे उसी प्राकृतिक भविष्यवाणी का हिस्सा हैं।

#### गर्मी के बीच अच्छी उम्मीद

फिलहाल 12 अप्रैल तक जिले का तापमान 38 डिग्री से 41 डिग्री के बीच पहुंच गया है। चिलचिलाती धूप के कारण छोटे जल स्रोतों का पानी तेजी से सूख रहा है। ऐसे समय में मानसून के इस शुभ संकेत ने लोगों को आने वाले खुशनुमा मौसम की उम्मीद से भर दिया है।

---

## गगन जन सेवा समिति ने स्वास्थ्य शिविर लगाया



**सीहोर।** गगन जन सेवा समिति द्वारा इंद्रा नगर स्थित मरी माता मंदिर परिसर में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया, जिससे क्षेत्र के अनेक लोगों को लाभ प्राप्त हुआ। शिविर में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एल. एन. नामदेव द्वारा ईएनटी संबंधी समस्याओं का उपचार किया गया। दंत चिकित्सा सेवाओं के अंतर्गत डॉ. गगन नामदेव, डॉ. शिक्षा मिश्रा एवं डॉ. शुभम नामदेव ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। नेत्र परीक्षण हेतु सेवा सदन की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, वहीं होम्योपैथिक चिकित्सा के अंतर्गत डॉ. मनोज सक्सेना द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में लगभग 150 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही, 16 ज़रूरतमंद मरीजों को चश्मे वितरित किए गए। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।